## न्यूज 1 नजर में

### कल यहां-यहां बिजली बंद रहेगी

**कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भुंतर ने जानकारी देते हुए कहा 132 केवी/ डीसी बरशैनी छरौर ट्रांसमिशन लाइन में स्ट्रिंगिंग कार्य को कार्यान्विन करने के लिए और 11 केवी शाट फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव हाथीथान, जिया, पारला भुंतर, शाट, छन्नीकोड, बड़ा भूईन, छरोड़ नाला, नरोगी, जच्छनी, भ्रैण, बिजली महादेव, जलुग्रां, बड़ा भूईन में 27 और 28 अप्रैल आसपास के इलाकों में प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि उपरोक्त तिथि में मौसम खराब या बारिश रहती है तो यह कार्य अगले कार्य दिवस में किया जाएगा।

### ढालपुर में व्यापारियों की बैठक कल

**कुल्लू।** व्यापार मंडल कुल्लू के अध्यक्ष मदन लाल सूद, महासचिव सुबोध सूद व मुख्य संरक्षक दिनेश सेन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 27 अप्रैल शनिवार को जिला परिषद भवन ढालपुर कुल्लू में सुबह 11 बजे 8, 9, 10 व 11 वार्ड के व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में इन वार्डों से संबंधित व्यापारियों की उप समितियों का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में व्यापार मंडल की आगामी कार्यशैली पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा । व्यापार मंडल कुल्लू द्वारा सभी प्रकार के दुकानदारों एवं व्यवसायियों जैसे किरयाना, मेडिकल स्टोर, हार्डवेयर, फल सब्जियां, कपड़ों, कॉस्मेटिक, फुटवियर, इलेक्ट्रॉनिक्स, हलवाई, बर्तन इत्यादि सभी वर्गों के व्यापारियों को इस बैठक में उपस्थित होने के लिए अपील की गई है।

### टिकरू स्कूल में छात्रों को मतदान पर जागरूक किया

**जोगिंद्रनगर।** शहीद प्रताप सिंह रावमापा टिकरू में 25 अप्रैल को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निर्वाचन विभाग के आदेश अनुसार स्वीप कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता सुभाष चंद ने शहीद प्रताप सिंह ने टिकरू स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें लगभग 50 अभिभावकों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इसमें लोगों को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया व 85 वर्ष से ऊपर आयु के बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से ही वोट डालने की सुविधा की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य कमलेश ठाकुर ने भी मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रवक्ता अनीता शर्मा, बबीता, मनोज, रविंद्र, वीरेंद्र व मीडिया प्रभारी अजय कुमार भी मौजूद रहे।

### ढालपुर में एयरो स्पोर्ट्स क्लब की बैठक

**कुल्लू।** जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनैना शर्मा कुल्लू की अध्यक्षता में वीरवार को जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू की बैठक बहुउद्देश्यीय भवन ढालपुर (कुल्लू) में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला एयरो स्पोर्ट्स क्लब कुल्लू के सदस्यों के अतिरिक्त जिला कुल्लू की समस्त पैराग्लाइडिंग साइटों से एसोसिएशनों के प्रधानों एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सभी सदस्यों के साथ प्रत्येक पैराग्लाइडिंग साइट में पर्यटकों की सुरक्षा एवं पर्यटकों को सुखद अनुभव देने, पर्यटकों को पैराग्लाइडिंग गतिविधियों से संबंधित स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र जारी करने, पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के संचालन के लिए सिंगल काउंटर और मूल्य स्थिरीकरण बारे विस्तृत चर्चा की गई और साथ ही इसकी अनुपालना एवं पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को हिप्र एयरो स्पोर्ट्स नियम, 2022 के अंतर्गत संचालित करने के निर्देश दिए गए।

### मनाली होटलियर एसोसिएशन की बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

**मनाली।** मनाली होटलियर एसोसिएशन की बैठक गुरुवार को एसोसिएशन के प्रधान मुकेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पर्यटन सीजन को लेकर होटलियरों की अनेक समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। एसोसिशन के प्रधान मुकेश ठाकुर ने बताया कि बैठक में पर्यटन सीजन से पहले कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग, कुल्लू मनाली लेफ्ट बैंक मार्ग, तथा अन्य लिंक मार्गों को ठीक करने और कोलतार या कंक्रीट आदि कर पक्का करने को लेकर चर्चा की गई। वहीं पर गार्बेज को लेकर होटलियरों को आ रही गंभीर समस्या पर भी गहन विचार किया गया। ठाकुर ने बताया कि जिन होटलियर द्वारा अपने होटल लीज पर दिए गए हैं और लीजर होटल छोड़ कर जा रहे हैं या मालिक को अनुबंध के लिखित राशि न दिए जाने और समय पर बिजली, पानी, पॉल्यूशन क्लीयर न करने सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई ।

### बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए लाहौल-स्पीति की टीम रवाना

**पतलीकूहल।** 45वीं राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबाल संघ लाहौल-स्पीति टीम पतलीकूहल से वीरवार को रवाना हो गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 28 अप्रैल तक हमीरपुर में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर से टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में लाहौल-स्पीति की ब्वॉयज एवं गर्ल्स की टीमें भाग लेने जा रही हैं। लाहौल-स्पीति की बास्केटबाल टीम कोच सूरज और नेहा बौद्ध के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लेगी। लड़कियों की टीम में तनवी ठाकुर, अस्मिता सिंह, शुभांगी सिंह, श्रेयसी, निर्मला, किरण ठाकुर, समीक्षा ठाकुर, पेमा, वर्षा, नव्या और तानिया शामिल है। लड़कों को टीम में विशाल गिरी, अभिषेक, अनिकेत, तेंजीन, अर्शदीप, अनुज, रक्षित, रोहित, नितेश और विनीत शामिल हैं। जिला बास्केटबाल संघ लाहौल-स्पीति के चेयरमैन मदन बौद्ध ने टीम जाने से पूर्व सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और साथ ही बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत को नहीं है हिमाचल का ज्ञान : संजीव गुलेरिया

**रिवालसर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत आए दिन अपने अनाप-शनाप बयानबाजी से लोगों में हंसी पात्र बन गई हैं। उन्होंने कहा कि कंगना का यह बयान भी हास्यपद है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दे रही है। जबकि उन्हें यह ज्ञान होना चाहिए कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही सबसे पहला काम पुरानी पेंशन बहाल करने का किया है। सरकार के इस फैसले का करीब 1 लाख 37 हजार कर्मचारियों को लाभ मिल रहा है, जिसका श्रेय प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को जाता है। उन्होंने कंगना रणौत को अपना ज्ञान बढ़ाने की सलाह दी है। संजीव गुलेरिया ने कंगना रणौत के साथ भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा हमेशा दिखावा करती आई है कि वह महिलाओं का सम्मान करती है। पूरे देश के लोगों ने देखा है। यौन उत्पीड़न मामले में देश की नामी महिला पहलवान इंसाफ को लेकर कई दिनों तक जंतर-मंतर पर धरने पर बैठी रही लेकिन भाजपा के यह नेता मामले को लेकर मूक दर्शक बने रहे। उन्होंने कहा कि कहां गए वह भाजपा नेता जो अभी थोड़े दिन पहले पूछ रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में हिमाचल की जनता भाजपा के इस रवैये का मुंह तोड़ जवाब देगी और बताएगी कि देवभूमि की जनता ऐसे धोखेबाज नेताओं के खिलाफ है।

# कुल्लू में पीपल मेला की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी नगर परिषद

## 15.20 लाख में बिका डोम,100 से अधिक कर्मचारी संभालेंगे सफाई व्यवस्था

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कुल्लू



**राज्य** स्तरीय पीपल मेला 28 से 30 अप्रैल तक मनाया जा रहा है।

मेले की अंतिम चरण की तैयारियों में नगर परिषद जुट गई है। इस बार मेले की सफाई व्यवस्था में 100 से अधिक कर्मचारी सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद रखेंगे। मेले में नगर परिषद के अपने 90 सफाई कर्मचारियों के 35 और सफाई कर्मचारियों को ठेकेदार के माध्यम से बुलाया गया है। यह सफाई कर्मचारी पूरे मेले में सफाई व्यवस्था का ध्यान रखेंगे। पीपल मेले के लिए 15 लाख 20 हजार में डोम की नीलामी हुई है। उल्लेखनीय है कि तीन दिनों तक मेले में स्टार नाइट होगी।


**▮ तीन दिवसीय मेले में स्टार नाइट का भी होगा आयोजन**

पीपल मेला को आकर्षण देने के लिए इस बार तीनों दिन रात्रि कार्यक्रम में पहाड़ी स्टार नाइट रखी गई है, जिसमें पहले दिन मशहूर लोक गायक गोपाल शर्मा, दूसरी सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग ठाकुर दास राठी और अंतिम स्टार नाइट लोक गायक रमेश ठाकुर के नाम रहेगी। इसके अलावा पीपल मेले का विशेष आकर्षण ब्यूटी क्वीन की प्रतियोगिता होगी। मेले के लिए बाहरी राज्यों से व्यापारियों ने कुल्लू में दस्तक भी दे दी है। राज्य स्तरीय पीपल मेला में बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों सहित स्थानीय व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है। छोटे स्टॉलों के अलावा डोम भी सजना शुरू हो गया है और इस बार पीपल मेला में अच्छे व्यापार को लेकर व्यापारियों मे भी उत्साह नजर आ रहा है।

> पीपल मेले को लेकर नगर परिषद कुल्लू ने तैयारियां पूरे जोरों से कर ली हैं। प्लॉट आवंटन का कार्य चला हुआ है। 28 अप्रैल से मेला शुरू होगा। बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों में कारोबार अच्छा होने की उम्मीद लगी है।
>
> **- गोपालकृष्ण महंत, अध्यक्ष, नप, कुल्लू।**

# रैल में पर्वत पूजा करके मनाया बीठ पर्व

**▮ श्रीलक्ष्मी नारायण ने जोगणी माता से किया मिलन ▮ लोगों ने सुख-समृद्धि का लिया आशीर्वाद**



उर्मिला धामी ▮ सैंज

**जिला** की रैला पंचायत के भाटकंडा में वीरवार को बीठ पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें रैला के अधिष्ठाता देव श्रीलक्ष्मी नारायण सहित सभी हारियानों ने भाग लिया ।

इस दौरान पर्वत पूजन की रस्म को निभाया गया, जिसमें सभी लोगों ने अपने अधिष्ठाता देव के संग बढ़-चढ़ कर भाग लिया। देवता के हारियानों ने निराहार रहकर देवपरंपरा का निर्वहन करते हुए रैला की ऊंची चोटी भाटकंडा देवाशीर्वाद लिया। वहीं देवता के मुख्य कारकूनों ने देवरथ को सजाकर भव्य शोभायात्रा निकाली। जोगणी माता से मिलन के बाद देवता के सभी हारियानों सहित घाटी के सैकड़ों लोगों ने भाटकंडा में देवता का आशीर्वाद लिया और विशेष रूप से तैयार खीचड़ी का प्रसाद चढ़ाया। इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए सैंज घाटी के हजारों श्रद्धालु विशेष रूप से उपस्थित रहे। ऊधर देवता कमिटी के कारदार जगरन्नाथ, प्रमुख पालसरा यान सिंह नेगी, पुजारी प्रवीण शर्मा, गूर तमेश्वर शर्मा, धामी जुगतराम तथा बजंत्री शिवराम ने बताया कि बैसाख मास के 11 प्रविष्टे को प्रतिवर्ष भगवान लक्ष्मीनारायण को भाटकंडा चोटी पर ले जाया जाता है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया जाता है।

बीठ पर्व के दिन अधिष्ठाता देव श्रीलक्ष्मी नारायण जी ऊंची चोटी प्रवासी योगिनियों से मधुर मिलन करते हैं। वहीं लक्ष्मीनारायण केरला पहुंचने पर समस्त हारियान युवक मंडल महिला मंडल व तमाम लोगों समेत श्रीलक्ष्मी नारायण जी के समक्ष भी लोक नृत्य किया और नारायण जी के कार्य कोणों द्वारा आदिकाल से चली आ रही देव खेलों का भी विधिवत रूप से निर्वहन किया।

### पधर के कोटरोपी में दुकान से अवैध शराब पकड़ी

**पधर।** मंडी तथा जोगिंद्रनगर की आबकारी एवं कराधान विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा पधर के कोटरोपी में दुकान पर मारे गए छापे में दो पेटी बियर, 14 बोतल उना नंबर वन देसी शराब, तथा दो बोतल अंग्रेजी शराब की बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार मंडी तथा जोगिंद्रनगर की आबकारी एवं कराधान विभाग की टीमों में शामिल सहायक आयुक्त शैलजा शर्मा, सहायक आयुक्त संगीता गुरंग, इंस्पेक्टर किशन कुमार, इंस्पेक्टर डेविड मोहन, विभाग के अन्य कर्मियों प्रकाश चंद, भूरी सिंह, जगदीश कुमार तथा जसवंत सिंह द्वारा कोटरोपी में निर्मला देवी की दुकान में मारे गए छापे में यह शराब बरामद की। सहायक आयुक्त संगीता गुरंग ने बताया कि यह शराब अवैध रूप से बेची जा रही थी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश एक्साइज एक्ट 2011 के तहत बिना लाइसेंस शराब बेचने के जुर्म में आरोपी पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है तथा शराब को कब्जे में लिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर विभाग की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# गुनाल शिल्ह में बन रहे 1.5 मेगावॉट के हाइड्रो प्रोजेक्ट का ग्रामीणों ने किया विरोध



हिमाचल दस्तक ▮ पतलीकूहल

**चार** पंचायतों के दर्जनों प्रतिनिधियों ने वीरवार को शिरढ़ गांव के नागनी मंदिर के पास गुनाल शिल्ह में बन रहे 1.5 मेगावॉट के हाइड्रो प्रोजेक्ट के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी गांव वासी पिछले 2 साल से इस प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार इस बारे में प्रशासन को भी अवगत करवाया गया है परंतु प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

**▮ कहा- प्रोजेक्ट लगने से सैकड़ों बीघा भूमि को सींचने के लिए पानी की होगी कमी**

बैठक के माध्यम से उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा गया। लोगों ने बताया कि पावर प्रोजेक्ट के लगने से यहां लोगों की सैकड़ों बीघा भूमि व सेब के बागीचों में सिंचाई के लिए पानी की कमी होगी।

इस नाले में लोगों के पीने के स्रोत भी मौजूद हैं। लोगों ने बताया कि जहां यह कार्य हो रहा है वहां देवी-देवताओं के पवित्र स्रोत भी हैं जो प्रोजेक्ट लगने से खंडित हो जाएंगे। उपायुक्त को दिए ज्ञापन में लोगों ने बताया कि यदि समय रहते इस प्रोजेक्ट को बंद न किया गया तो चार पंचायतों के बूथों में स्थानीय लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। कुछ माह पूर्व इस प्रोजेक्ट को लगाने या न लगाने के लिए उपमंडलाधिकारी कुल्लू की अध्यक्षता में जनमंच का आयोजन भी किया गया था। इस जनमंच में सभी गांवों के लोगों ने एकमत से इस प्रोजेक्ट का विरोध किया था।

# द्रंग के दो दिवसीय बुराड़ी मेले का आगाज

ललित ठाकुर ▮ पधर



**द्रंग** का बुराड़ी मेला वीरवार को धूमधाम से शुरू हो गया। दो दिवसीय बुराड़ी मेला का आगाज माता हिडिंबा और राम पाल के मंदिर से शाही जलेब की अगुआई यहां के देवता अजयपाल ने की। इस जलेब में क्षेत्र से डेढ़ दर्जन से अधिक देवी-देवताओं ने भाग लिया। मेले में मुख्यअतिथि के तौर पर पन्ना लाल रक्षा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन समाजसेवी राजेश कपूर ने शिरकत कर मेले का शुभारंभ किया।

**▮ महिला मंडलों व स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम किए पेश**

हिडिंबा और राम पाल के मंदिर से निकली देवताओं की भव्य जलेब मेला स्थल पर पहुंची। मेले के दौरान महिला मंडलों और स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं मेले में सभी लोगों को मतदान के प्रति भी जागरूक किया गया। वहीं मुख्यअतिथि को मेला कमिटी अध्यक्ष सुभम शर्मा ने शॉल, टोपी, स्मृति चिह्न देकर समानित किया गया। वहीं मेला कमिटी अध्यक्ष ने मेले की रूप रेखा मुख्यअतिथि के समक्ष रखी कि आखिर क्यों मेला मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस मेले को पहले हिंदोस्तान साल्ट चलाता था, लेकिन जब यहां साल्ट का काम रुक गया तो मेला भी बंद हो गया। 2018 में 14 वर्षों के बाद मेले को दोबारा शुरू किया गया और उसके बाद मेले का संचालन होता रहा है।

मेले के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो रहा है। वहीं मुख्यअतिथि ने मेले में आए हुए सभी लोगों को मेले की बधाई देते हुए कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, इसलिए हमें ऐसे मेलों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में नशे का बहुत प्रचलन बढ़ गया है उसको खत्म करने के लिए हमारा ट्रस्ट भी कार्य कर रहा है और आप लोगों को भी आगे आना होगा।

# मनाली में बागवानों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

हिमाचल दस्तक ▮ मनाली




**मनाली** में वीरवार को सर्वो ऑर्चर्ड स्प्रे आयल की ओर से घाटी के बागवानों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से आयोजित सेमिनार में बागवानी विशेषज्ञ सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. जयंत कुमार बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित हुए। डॉ. जयंत ने कहा कि बागवान वैज्ञानिक तरीके से बागवानी कर कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करने की दिशा में काम करें। बागवान जब मर्जी तब स्प्रे न करें, स्प्रे करने से पहले विशेषज्ञों की सलाह लें और उनकी सलाह अनुसार ही काम करें। सेब की फसल को बर्बाद होने से बचाएं। उन्होंने कहा कि स्प्रे ऑयल लंबे समय तक उपयोग होने के बावजूद कीटों में अपने प्रति कोई प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने नहीं देती।

**▮ सर्वो ऑर्चर्ड स्प्रे ऑयल की ओर से सेमिनार आयोजित**

यह कीटों जैसे सैन जोस स्केल एवं यूरोपियन रेड माइट को नियंत्रित करती है। इंडियन ऑयल पंजाब व जम्मू के सीनियर मैनेजर गिरीश जैन ने कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी बागवानों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऑर्चर्ड स्प्रे ऑयल बागवानों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बागवानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बागवानों के घरद्वार तक ऑर्चर्ड स्प्रे ऑयल पहुंचाया जा रहा है। क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र बजौरा की सह निदेशक देवीना वैद्य ने बागवानी को स्वास्थ्य व आयुर्वेदा से जोड़ने की बात कही। उन्होंने बागवानों को सरकारी योजनाओं के बारे विस्तार से जानकारी दी और बागवानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का भी बात कही।

# धर्मपुर किसान उत्पादक संघ एफपीओ ने खौदा में मशरूम प्लांट का दौरा किया

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मपुर

**धर्मपुर** किसान उत्पादक संघ एफपीओ के दो दर्जन किसान शेयर होल्डरों ने वीरवार को टिहरा क्षेत्र के खौदा में गत वर्ष स्थापित किए गए मशरूम प्लांट का दौरा किया और मशरूम की खेती बारे जानकारी हासिल की। इससे पहले गत सप्ताह हल्दी के बारे में ज्वालामुखी में कर्नल पीसी राणा के हल्दी फार्म हाउस का दौरा किया था। मशरूम प्लांट के संचालक अंतराष्ट्रीय एथलीट कोच भूपिंद्र भूप्पी ने बताया कि उन्होंने ये प्लांट डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया है, जिसमें वर्तमान में बटर मशरूम तैयार किया जा रहा है और अगले एक साल में सटाके मशरूम और कीड़ा जड़ी मशरूम भी तैयार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सटाके मशरूम में प्रोटीन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है और इसका मूल्य अंतरराष्ट्रीय मार्केट में दो से पांच हजार रुपये रुपये प्रति किलो हैं और कीड़ा जड़ी का अंतरराष्ट्रीय बाजार में रेट दो लाख से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रोटीन की सबसे ज्यादा मात्रा मांस के अलावा मशरूम में अधिक होती है, लेकिन मांस की कीमतें बहुत ज्यादा हैं और बहुत से लोग इसका सेवन भी नहीं करते हैं। इसलिए मशरूम की मांग और खपत ज्यादा हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस प्लांट में प्रतिदिन डेढ़ से दो क्विंटल मशरूम पैदा हो रहा है और उसके लिए यहां पर डेढ़ दर्जन लोगों को रोजगार मिला है।

**▮ मशरूम की खेती बारे जानकारी हासिल की**

एफपीओ के अध्यक्ष सतपाल सिंह और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वे सभी क्षेत्रों में मशरूम की खेती करने वाले लोगों और महिला समूहों को चयनित करेंगे और उन्हें ट्रेनिंग देंगे तथा जरूरत के अनुसार इसका बीज व जैविक खाद उपलब्ध करवाने के लिए कार्य करेंगे।

### न्यूकिलस एकेडमी के छात्र जेई मेन्स में छाये

**कुल्लू।** कुल्लू जिला के अग्रणी शिक्षा संस्थानों में न्यूकिलस एकेडमी के आठ छात्रों ने अपना परचम लहराया है। न्यूकिलस एकेडमी के आठ छात्रों ने जेई मेन्स की परीक्षा पास करके जिला कुल्लू का नाम रोशन किया है। न्यूकिलस एकेडमी के माणिक मेहरा ने परसेंटाइल में 95 प्रतिशत, प्रांजल शर्मा ने 93 प्रतिशत, अनुपम 91 प्रतिशत, सिदार्थ ने 90 प्रतिशत, माधव ने 85 प्रतिशत, शुभम ने 84 प्रतिशत, ग्रेसी नेगी ने 78 प्रतिशत अंक हासिल करके ये परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस मौके पर न्यूकिलस के संचालक मनीष सिंह और सुमित कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय इनके परिवार वालों को दिया है और कहा कि भविष्य में भी छात्रों के हित में इसी तरह कार्य करते रहेंगे।

### एसवीएम वॉशिंग में छात्र भारती का गठन

**कुल्लू।** ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वॉशिंग में छात्र भारती का गठन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पहले छात्र भारती प्रमुख प्रताप से लोकतांत्रिक प्रकिया को समझा, उसके पश्चात् नामांकन भरे गए। इसके बाद



सभी उम्मीदवारों ने अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रचार किया। वीरवार को परिणाम घोषित करने के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्या विजेता ने शपथ दिलाई। विजयी उम्मीदवार जिसमें अध्यक्ष विनय कुमार, प्रधानमंत्री पुष्कर, सेनापति सेमचोक, सचिव वंशिका रिया और नीरज ने मीडिया प्रभारी का कार्य संभाला और पूरी कवरेज दी। विद्यालय के आचार्य शीतल, सुभाष, भूषण ने पोलिंग बूथ की सारी व्यवस्थाएं देखीं। प्रधानाचार्या ने बताया कि इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व विकास के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की क्षमता का विकास भी होता है।

## स्वीप के तहत मतदाता प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर प्रतियोगिता आयोजित

# क्रिकेट में जिला प्रशासन इलेवन की टीम विजेता

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कुल्लू



**निर्वाचन** विभाग द्वारा एक जून 2024 को प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव में कुल्लू जिले में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने व विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने उद्देश्य से स्वीप के माध्यम से पिछले लंबे समय से अनेक गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

**▮ विजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित**

इसी कड़ी में वीरवार को जिला प्रशासन व युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा मतदान के प्रति प्रेरित करने व स्वीप के तहत आयोजित क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन इलेवन ने प्रेस क्लब को 32 रनों से हराया। निर्वाचन विभाग द्वारा एक जून 2024 को प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव में कुल्लू जिले में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने व विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रेरित करने उद्देश्य से स्वीप के माध्यम से पिछले लंबे समय से अनेक गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में वीरवार को जिला प्रशासन व युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा मतदान के प्रति प्रेरित करने व युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन इलेवन व प्रेस क्लब कुल्लू के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसका थीम कुल्लू का यूथ चलेगा बूथ था।

जिला प्रशासन इलेवन व प्रेस क्लब कुल्लू के बीच आयोजित रोमांचक क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन इलेवन विजयी रही। जिला प्रशासन इलेवन ने प्रेस क्लब कुल्लू को 32 रनों से हराया। जिला प्रशासन इलेवन ने 20 ओवर में 136 बनाए जबकि प्रेस क्लब की टीम 14.5 ओवर में 104 रनों पर ही सिमट गई। जिला प्रशासन इलेवन टीम का नेतृत्व उपायुक्त तोरुल एस. रवीश ने किया जबकि प्लेइंग कैप्टन पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन रहे। वहीं प्रेस क्लब कुल्लू टीम का नेतृत्व प्रेस क्लब के प्रधान धनेश गौतम ने किया व प्लेइंग कैप्टन संदीप सिंह रहे। उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस. रवीश में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

**आईनॉक्स विंड लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना–174303, हिमाचल प्रदेश | **सीआईएनः** L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975–272001 | **ईमेलः** investors.iwl@inoxwind.com | **वेबसाइटः** www.inoxwind.com

**शेयरधारकों हेतु 11वीं असाधारण आम बैठक तथा ई–वोटिंग से सम्बंधित सूचना की जानकारी**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि **कम्पनी की 11वीं असाधारण आम बैठक (ईजीएम) शुक्रवार, 17 मई, 2024 को 12:00 बजे दोपहर (भारतीय मानक समय)** पर, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू होने योग्य प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा निर्गत प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, **विडियो कॉन्फरेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा** के माध्यम से ही ईजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

11वीं ईजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की गई हैं जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरियों के साथ पंजीकृत है। 11वीं ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।

कम्पनी ने, कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 10 मई, 2024 के अनुसार, भौतिक अथवा डीमैट तौर पर शेयरों की प्रतिरक्षा करने वाले अपने सभी सदस्यों हेतु ईजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में, एनएसडीएल के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से, ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग') की व्यवस्था की है। केवल उपर्युक्त कट–ऑफ तिथि पर कम्पनी के शेयरों को प्रतिरक्षित रखने वाले सदस्य ही ई–वोटिंग सुविधा का लाभ पाने हेतु योग्य होंगे। वोटिंग का अधिकार कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्य(ओं) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर आंकलित किया जाएगा। सभी योग्य सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई–वोटिंग सुविधा की समय–सारणी का ध्यान रखें:

| विवरण | दिनांक |
|---|---|
| 11वीं ईजीएम की सूचना के प्रेषण के पूरा होने की तिथि | 25 अप्रैल, 2024 |
| रिमोट ई–वोटिंग आरम्भ होने की तिथि एवं समय | 14 मई, 2024 प्रातः 09:00 बजे (भारतीय मानक समय) |
| रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय | 16 मई, 2024 , सायं 05:00 बजे (भारतीय मानक समय) |
| ईजीएम के दौरान ई–वोटिंग की तिथि | 17 मई, 2024 |
| परिणाम के घोषणा की तिथि | ईजीएम के समापन के 2 कार्य दिवस के अन्दर |

सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनने वाले सभी योग्य सदस्य एवं व्यक्ति, ई–वोटिंग सुविधा, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने/भाग लेने हेतु प्रणाली तथा सदस्यों का ईमेल पता एवं फोन नंबर पंजीकृत/अद्यतन करने हेतु ईजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु ईजीएम के दौरान पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को तदनंतर उन्हें बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त समय–सारणी में निर्दिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, सुश्री पल्लवी म्हात्रे से 022–48867000 अथवा एनएसडीएल से ईमेल द्वारा evoting@nsdl.co.in पर संपर्क कर सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
**दीपक बांगा**
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 25 अप्रैल, 2024